Moorebank Intermodal Precinct

Hindi



**Moorebank Intermodal Precinct (MIP) ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमॉडल प्रीसिंक्ट (परिक्षेत्रों) में से एक है। ऑस्ट्रेलिया में पहली बार इस पैमाने और क्षमता का प्रीसिंक्ट देखने को मिला है और यह देश की आपूर्ति श्रृंखला को बदल देगा, हजारों ट्रकों को सड़क से हटा देगा और साथ ही अधिक कुशल और टिकाऊ संसाधन और माल की डिलीवरी प्रदान करके व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए लागत कम करेगा।**

Moorebank Intermodal Precinct

### Moorebank Intermodal Precinct

हम Moorebank Intermodal Precinct के लिए नई ब्रांड की पहचान को प्रगतिशील रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और इसे अब हमारे प्रोजेक्ट साइनेज, होर्डिंग और सामुदायिक संचार पर देखा जा सकता है। हमारी नई वेबसाइट, www.moorebank.au को भी नई सुविधाओं के साथ लॉन्च किया गया है, जिसमें वीडियो निर्माण अपडेट; एक एनिमेटेड फ्लाई-थ्रू और पुनर्गठित सामुदायिक जानकारी और दस्तावेज़ लाइब्रेरी भी शामिल है।

# अगस्त 2023 निर्माण अपडेट

## सड़क के सुधार

Moorebank Avenue और Anzac Road पर चौराहे के सुधार पर काम जारी है। समुदाय के लिए जानने वाली मुख्य बातें ये हैं:

- सितंबर के अंत तक चौराहे पर नियमित घंटो के बाद होने वाला अपग्रेड करने का काम जारी रहेगा।
- Moorebank Precinct West तक मुख्य निर्माण पहुंच अब Bapaume Road है; Chatham Avenue स्थायी रूप से बंद है।
- Moorebank Avenueand और Anzac Road के चौराहे से Bushmaster Avenue तक Moorebank Precinct West तक की पहुंच, 2023 की दूसरी छमाही में खुलेगी।

इस बीच, National Intermodal, Moorebank Avenue Realignment के लिए पूर्व-निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाना जारी रखता है। अधिकांश पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है और वे www.moorebank.au पर देखने के लिए उपलब्ध हैं। निर्माण 2024 में शुरू होने की राह पर है।


## वेयरहाउस (गोदाम) एवं बुनियादी ढांचे का विकास

Moorebank Intermodal Precinct ने जुलाई में विकास का एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर, Moorebank Precinct West में Primary Connect's के राष्ट्रीय वितरण केंद्र का निर्माण पूरा हो गया। 2024 में चालू होने के बाद, Moorebank NDC, Primary Connect की राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा और पूरे ऑस्ट्रेलिया में 1000 से अधिक Woolworth सुपरमार्केट को सेवा प्रदान करेगा। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई!

Q3 2023 में Moorebank Precinct East पर क्रमशः वेयरहाउस 7 और वेयरहाउस 6 में Mainfreight और Qube Logistics का स्वागत किया जाएगा जिससे Precinct को और अधिक गति मिलेगी।

अन्य विकास समाचारों में, परिसर के पूर्व में वेयरहाउसों पर सोलर पैनलों की स्थापना जारी है। इस वर्ष अब तक, 27,000 वर्गमीटर से अधिक छत की जगह को सोलर पैनलों से कवर किया गया है।

Moorebank Precinct West के उत्तर में वेयरहाउसों पर निर्माण शुरू हो गया है और 2024 की शुरुआत में इसके पूरा होने की उम्मीद है। अनुमोदन के अधीन, हम 2024 की शुरुआत में Moorebank Precinct West के दक्षिण में वेयरहाउसों पर निर्माण शुरू करने पर विचार करेंगे।



Moorebank Precinct West
पर वेयरहाउस पूरा होने के करीब हैं



Primary Connect (Woolworths)
राष्ट्रीय वितरण केंद्र




National Intermodal का जैव विविधता ठेकेदार, EcoLogical, जैव विविधता ऑफसेट क्षेत्रों में काम कर रहा है

## अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल

अंतरराज्यीय-रेल टर्मिनल का निर्माण अच्छी तरह से प्रगति पर है और 2024 में कार्य शुरू होने की राह पर है। भारी फुटपाथ निर्माण अच्छी तरह से चल रहा है और ट्रैक-कार्य की तैयारी पूरी होने वाली है।

## पर्यावरणीय कार्य

National Intermodal, MIP जैव विविधता ऑफसेट साइटों के पारिस्थितिक मूल्य को बढ़ाने के लिए अपने समर्पित प्रयास जारी रखता है। पुनरुत्पादन पहल के पहले वर्ष के सफल समापन के साथ, पर्याप्त प्रगति हासिल की गई है। विदेशी खरपतवारों के उन्मूलन के माध्यम से, पर्यावरण को देशी प्रजातियों के पुनर्जीवित होने और पनपने के लिए तैयार किया गया है।

आगे देखते हुए, National Intermodal एक व्यापक रणनीति पर ध्यान केंद्रित करेगा जिसमें खरपतवार का और अधिक उन्मूलन, पहले छोड़े गए कचरे की सफाई और देशी प्रजातियों के लिए एक व्यापक पुनर्रोपण कार्यक्रम शामिल होगा। यह बहुआयामी दृष्टिकोण Moorebank Offset साइटों और पूर्व रक्षा-रेल स्पर स्थान दोनों पर खुलने के लिए तैयार है। रोमांचक बात यह है कि डिफेंस-रेल स्पर को हटाना Moorebank Avenue Realignment के साथ मेल खाएगा, जिसका काम 2024 की शुरुआत में शुरू होने वाला है।

साथ में, ये समन्वित प्रयास स्थानीय पौधों और जानवरों के लिए स्थायी आवास विकसित करने और देशी प्रजातियों के स्थायी संरक्षण को सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं।

## संचालन और निर्माण के घंटे

इंटरमॉडल सुविधा (आयात निर्यात टर्मिनल और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन 24 घंटे हैं।

### निर्धारित घंटों से बाहर काम

हमाऱ काम आम तौर पर सामान्य निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए इन घंटों के बाहर काम करना होगा।

प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को इन कार्यों के बाऱ में वेबसाइट और लेटरबॉक्स में चिट्ठी छोड़े जाने के माध्यम से अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा।

**निर्माण कार्य के स्वीकृत सामान्य घंटे हैं:**

**Moorebank Precinct West**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 8 - दोपहर 1 बजे

**Moorebank Precinct East**
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे - शाम 6 बजे
शनिवार: सुबह 7 - दोपहर 1 बजे

## संपर्क करने के लिए

संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

**हमें फोन करें:**
1800 986 465

**हमें ईमेल करें:**
moorebank@tsamgt.com

**हमें लिखे:**
Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

अधिक जानकारी के लिए,
कृपया हमारी वेबसाइट **moorebank.au** पर जाएँ

